भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1758

01 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

इस्पात उत्पादन में अनुसंधान का विस्तार

1758. डा. अशोक कुमार मित्तल:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस्पात के लागत प्रभावी उत्पादन के लिए अनुसंधान बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा पर्यावरण अनुकूल इस्पात उत्पादन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार का इस्पात प्रौद्योगिकी के अध्ययन और विकास के लिए शैक्षिक संस्थान स्थापित करने का विचार है; और

(ङ.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (ग): इस्पात मंत्रालय "लौह एवं इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास का संवर्धन" नामक योजना के तहत लौह एवं इस्पात क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए इस्पात उद्योग, सीएसआईआर प्रयोगशालाएं एवं शैक्षणिक संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। इस योजना के तहत कवर प्रमुख क्षेत्रों के अंतर्गत इस्पात के लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल उत्पादन हेतु अनुसंधान भी शामिल हैं।

(घ) और (ङ.): इस्पात प्रौद्योगिकी के अध्ययन और विकास के लिए नए शैक्षिक संस्थान स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****